आदेश

रिट याचिका संख्या:3537/2026 मुख्य आरक्षी ना0पु0/970900560 बृजेश कुमार, जनपद बलिया बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय लखनऊ खण्डपीठ, लखनऊ द्वारा दिनांक 03.04.2026 को पारित किये गये आदेश के अनुपालन में मुख्य आरक्षी ना0पु0/970900560 बृजेश कुमार, जनपद बलिया द्वारा दिनांक 08.04.2026 को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर किये गये अनुरोध पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए मुख्य आरक्षी ना0पु0/970900560 बृजेश कुमार को अनुकम्पा के आधार पर जनपद बलिया से बरेली परिक्षेत्र निजी व्यय पर स्थानान्तरित किया जाता है। कर्मी का गृह जनपद एटा है।

यह आदेश पुलिस स्थापना बोर्ड के **कार्यवृत्त सूची संख्या:एएसपी–(ई–1)–(मा0 उच्च न्याया0/अनुकम्पा)–287/2026 दिनांक 17.04.2026** में लिये गये निर्णय के अनुसार जारी किया जा रहा है।

DGP HQRS UP LKW
DG-IV-STHA-/287/2026/349 DATE 17-04-2026

17/4/26
(राहुल मिश्रा)
अपर पुलिस अधीक्षक, स्थापना,
निमित्त पुलिस उप महानिरीक्षक, कार्मिक
उ0प्र0 लखनऊ।

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

चतुर्थ तल,(द्वितीय टावर), पुलिस मुख्यालय, गोमतीनगर विस्तार, शहीद पथ, लखनऊ–226002

संख्या:डीजी–चार–स्था0–(287)/2026/349 **दिनांक:अप्रैल 17, 2026**

प्रतिलिपि:– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1 पुलिस महानिरीक्षक/उपमहानिरीक्षक, बरेली परिक्षेत्र, बरेली को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया उक्त कर्मी के आगमन की सूचना से सर्वसम्बंधित सहित इस मुख्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें। यदि कोई प्रशासनिक/नीतिगत बाधा हो तो तत्काल इस मुख्यालय को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

2 वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, जनपद बलिया को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया उक्त कर्मी को तत्काल कार्यमुक्त करते हुए सर्वसम्बन्धित सहित इस मुख्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें। यदि कोई प्रशासनिक/नीतिगत बाधा हो तो तत्काल इस मुख्यालय को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

संख्या तथा दिनांक वही

प्रतिलिपि:– निम्नलिखित को कृपया सादर सूचनार्थ प्रेषित:–

1. पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, लखनऊ।
2. पुलिस महानिरीक्षक, स्थापना, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, लखनऊ।